# एक बार फिर अपना फेमस डायलॉग बोलते नजर आएंगे सलमान खान?

पिछले साल में दो सुपरहिट फिल्में देने के बाद सलमान खान इस साल एक और धमाकेदार मूवी के साथ फैन्स का मनोरंजन करने को तैयार हैं। इस साल ईद पर सलमान की फिल्म राधे: योर मोस्ट वॉन्टेड भाई रिलीज होने जा रही है। प्रभुदेवा के डायरेक्शन में बन रही यह फिल्म सलमान की सुपरहिट फिल्म वॉन्टेड की अनऑफिशल सीक्वल बताई जा रही है। इस फिल्म की अभी शूटिंग चल रही है।

बताया जा रहा है कि इस फिल्म में सलमान खान वॉन्टेड में बोला अपना फेमस कमिटमेंट वाला डायलॉग एक बार फिर इस फिल्म में बोलते दिखाई देंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो उनका डायलॉग एक बार जो मैंने कमिटमेंट कर लिया तो मैं खुद की भी नहीं सुनता हूं को इस्तेमाल करने की इजाजत मिलती है तो इसे सलमान फिर बोलते दिखाई जाएंगे। दरअसल फिल्म वॉन्टेड का ऑफिशल सीक्वल नहीं है और ऑरिजनल फिल्म और डायलॉग्स के राइट्स प्रड्यूसर बोनी कपूर के पास हैं।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इस डायलॉग के लिए बातचीत चल रही है। हालांकि इतना तय है कि अगर प्रभुदेवा को इस डायलॉग की इजाजत नहीं भी मिलती है तो वह जरूर सलमान के लिए कोई धांसू डायलॉग जरूर लाएंगे।

बता दें कि भारत के बाद सलमान खान एक बार फिर राधे: योर मोस्ट वॉन्टेड भाई में दिशा पाटनी के साथ दिखाई देंगे। फिल्म में रणदीप हुड्डा और जैकी श्रॉफ भी महत्वपूर्ण किरदार दिखाई देंगे। इसके अलावा सलमान खान ने अपनी एक और फिल्म कभी ईद कभी दिवाली की भी घोषणा कर दी है जिसमें उनके साथ पहली बार पूजा हेगड़े दिखाई देंगे।

# बहन ईशा के लेखिका बनने पर अभय को है गर्व

अभिनेता अभय देओल को अपनी बहन ईशा देओल तख्तानी पर बेहद गर्व है जिन्होंने अपनी पहली किताब अम्मा मिया के साथ लेखन के क्षेत्र में हाथ आजमाया है। अभय ने इंस्टाग्राम पर अपनी बहन को इसकी बधाई दी और लोगों को उनकी इस नई किताब के बारे में बताया।

किताब के कवर की एक तस्वीर को साझा करते हुए उन्होंने लिखा, मेरी बेबी सिस ने नई माताओं व उनके बच्चों के लिए अपनी पहली किताब लिखी है। तुम पर बेहद गर्व है ईशा। मां बनने का ये जो वक्त है वह रोमांचक होने के साथ बेहद नाजुक भी है। आप चाहें कितनी ही तैयारियां क्यों न कर लें, लेकिन कई बार भ्रामक परिस्थितियों, सुझाव जैसी कई चीजों का सामना करना पड़ ही जाता है। राध्या और मिराया के जन्म के बाद ईशा ने भी इन सवालों का सामना किया।

इस किताब के बारे में बात करते हुए अभय ने कहा, इसमें कई तरह की सलाहें, टिप्स और कहानियां हैं। इसके साथ ही बच्चों के लिए आसान व स्वादिष्ट कई रेसिपी भी हैं। अम्मा मिया में एक महिला के मां बनने के पूरे सफर को दर्शाया गया है। यह काफी ज्ञानवर्धक है जिसे आसानी से फॉलो किया जा सकता है। इस किताब से नई माताओं को अपने बच्चे की परवरिश के दौरान आने वाली तमाम उतार-चढ़ावसे निपटने में मदद मिलेगी। इस किताब की प्रस्तावना जया बच्चन द्वारा लिखी गई है। पेंगुइन इंडिया द्वारा इसे प्रकाशित किया गया है।

# ...तो इस कारण जाह्नवी कपूर और ईशान खट्टर ने कर लिया ब्रेकअप?

लगता है कि एक और बॉलिवुड कपल एक-दूसरे से अलग हो गया है। जाह्नवी कपूर और ईशान खट्टर जो करण जौहर के साथ एक साथ फिल्म धड़क में दिखाई दिए थे, उनके रियल लाइफ में भी अफेयर के चर्चे थे। हालांकि हालिया रिपोर्ट की मानें तो इस कपल का ब्रेकअप हो गया है। दोनों ने खुद ही अलग होने का फैसला लिया है और उनका यह फैसला प्रफेशनल है क्योंकि दोनों अपने प्यार के बजाय करियर और काम पर ध्यान देना चाहते हैं।

रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि जब जाह्नवी एक प्रमोशनल इवेंट में थीं तभी वहां ईशान के आने से वह अनकम्फर्टेबल हो गईं। रिपोर्ट में यहां तक कहा गया है कि ईशान से अलग होने का फैसला जाह्नवी कपूर ने लिया था। वैसे जाह्नवी कपूर और ईशान खट्टर ने कभी भी अपनी रिलेशनशिप को स्वीकार नहीं किया था लेकिन इनकी डेटिंग के चर्चे हमेशा से थे।

जब जाह्नवी से एक चैट शो ईशान को डेट करने के बारे में पूछा गया था तो उन्होंने इससे इनकार किया था लेकिन उनके भाई अर्जुन कपूर ने कहा था कि ईशान हमेशा जाह्नवी कपूर के आस-पास रहते हैं। यहां तक कि जाह्नवी के पापा बोनी कपूर ने भी कहा था कि वह जाह्नवी और ईशान की दोस्ती का सम्मान करते हैं।

प्रफेशनल फ्रंट की बात करें तो जाह्नवी अब फिल्म गुंजन सक्सेना: द करगिल गर्ल में लीड रोल में नजर आएंगी। इसके अलावा वह फिल्म दोस्ताना 2 में कार्तिक आर्यन के साथ, रूही अफजा में राजकुमार राव के साथ और करण जौहर की फिल्म मल्टी-स्टारर फिल्म तख्त में नजर आएंगी। दूसरी तरफ, ईशान खट्टर फिल्म खाली पीली में अनन्या पांडे के साथ नजर आएंगे।

# कभी ईद कभी दिवाली में दिखाई देगी पूजा हेगड़े




पिछले दिनों सलमान खान ने अपनी आने वाली फिल्म कभी ईद कभी दिवाली की घोषणा की थी। इस फिल्म को लेकर सलमान के फैन्स काफी उत्साहित हैं लेकिन सभी लोग इस बात की चर्चा भी कर रहे हैं कि फिल्म में लीडिंग रोल में सलमान के ऑपोजिट कौन हिरोइन होगी? अब इस पर से पर्दा उठ गया है। साजिद नाडियाडवाला जो इस फिल्म को प्रड्यूस करने के साथ ही इसकी स्क्रिप्ट भी लिख रहे हैं उन्होंने इस बात का खुलासा कर दिया है।

साजिद ने बताया है कि रितिक रोशन के ऑपोजिट मोहनजो दारो से बॉलिवुड में डेब्यू करने वाली ऐक्ट्रेस पूजा हेगड़े पहली बार सलमान खान के साथ दिखाई देंगी। साजिद ने कहा, हाल में हाउसफुल 4 में पूजा के साथ काम करने के बाद हमें महसूस हुआ कि इस फिल्म के लिए वह परफेक्ट हैं। उनका स्क्रीन प्रजेंस गजब का है और सलमान के साथ उनकी जोड़ी अच्छी लगेगी। यह जोड़ी कहानी में फ्रेशनेस लाएगी।

बताया जा रहा है कि यह एक फैमिली ड्रामा फिल्म होगी जिसका डायरेक्श फरहद सामजी करेंगे और यह ईद 2021 पर रिलीज होगी।

साजिद ने कहा, पहली बार सलमान की जुड़वा ईद पर रिलीज हुई थी। यहां तक कि मेरे डायरेक्शन में बनी किक भी ईद पर ही रिलीज हुई थी। फिल्म की अक्टूबर में शूटिंग शुरू होने से पहले सलमान और पूजा की एक साथ कई वर्कशॉप्स भी कराई जाएंगी ताकि दोनों लोग एक-दूसरे से सहज हो जाएं।

इस फिल्म में सलमान एकदम नए अवतार में नजर आएंगे। पूजा का कैरक्टर एक छोटे शहर की लड़की का होगा जो सलमान के कैरक्टर से बिल्कुल अलग है। वैसे पूजा ऐसे किरदार पहले भी साउथ की फिल्मों में निभा चुकी हैं और इसीलिए इसमें उनका चुनाव किया गया है। फिल्म में सलमान के ऐक्शन सीन भी होंगे। अभी सलमान अपनी अगली फिल्म राधे: योर मोस्ट वॉन्टेड भाई की शूटिंग में बिजी हैं। कभी ईद कभी दिवाली के बाद वह किक 2 की शूटिंग शुरू करेंगे जो दिवाली 2021 पर रिलीज होगी।

# आमिर खान के साथ डेब्यू कर सकते थे वरुण धवन




बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन का कहना है कि वह आमिर खान की फिल्म धोबी घाट से डेब्यू कर सकते थे। डेविड धवन के पुत्र वरुण धवन ने फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ दि इयर' से अपने करियर की शुरुआत की थी। वरुण इस फिल्म से पहले भी अपने डेब्यू की कोशिशें करते रहे थे और उन्होंने बताया कि वह अपने पिता की वजह से अपनी पहली ही फिल्म में आमिर खान के साथ काम करने का मौका चूक गए थे।

वरुण धवन ने कहा, मैंने फिल्म धोबी घाट और 'लाइफ ऑफ पाई' जैसी फिल्मों के लिए ऑडिशन दिया था और उस समय मेरे पिता को पता नहीं था कि मैं ऑडिशन के लिए जा रहा हूं। आमिर सर ने मेरा ऑडिशन देखा था और उन्होंने मेरे पिता को फोन किया था। मुझे लगता है कि मैं रिजेक्ट नहीं हुआ था लेकिन मेरे पापा ने सुनिश्चित किया था कि मैं उन रोल्स के लिए रिजेक्ट हो जाऊं क्योंकि उन्होंने कहा था कि मैं अभी तैयार नहीं हूं। मुझे नहीं लगता कि आप अपनी पहली फिल्म चुनते हैं। फिल्म आपको चुनती है। मैं उस समय रोल्स की तलाश में था। अर्जुन इश्कजादे कर चुका था और फिर अचानक मुझे 'स्टूडेंट ऑफ दि इयर' में काम करने का मौका मिल गया था। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे उस स्तर का लॉन्च कभी मिलेगा।

गौरतलब है कि फिल्म धोबी घाट में आमिर खान और प्रतीक बब्बर जैसे सितारे नजर आए थे। इसके अलावा हॉलीवुड फिल्म लाइफ ऑफ पाई में इरफान खान ने मुख्य भूमिका निभाई थी।

# शाहिद कपूर दिखाएंगे देशभक्ति और स्टंट्स



शाहिद कपूर एक बार फिर से पर्दे पर छा जाने की तैयारी में हैं और इस बार होंगे अपने ऐक्शन वाले अंदाज में। इस फिल्म से शाहिद करीब 5 साल बाद करण जौहर के साथ काम करने जा रहे हैं और कहा जा रहा है कि फिल्म के ऐक्शन सीन्स धड़कनें बढ़ाने वाले होंगे। इससे पहले साल करण जौहर के साथ शाहिद की फिल्म 2015 में आई थी और वह थी शानदार।

एक सूत्र ने बताया, फिल्म में देशभक्ति वाला फ्लेवर भी होगा और इसे जो डायरेक्ट करेंगे उनकी यह पहली निर्देशन फिल्म होगी। शाहिद ऐक्शन जॉनर के फैन हैं और इस फिल्म का हिस्सा बनने को लेकर काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म की तैयारी फिल्म की शूटिंग से कुछ महीने पहले ही शुरू की जाएगी। उम्मीद है कि इसपर इस साल के मिड के बाद काम शुरू होगा। फिलहाल यह फिल्म प्री-प्रॉडक्शन स्टेज पर है।

इससे पहले आखिरी बार शाहिद साल 2019 में आई फिल्म कबीर सिंह में एक ऐसे लड़के की भूमिका में नजर आए थे, जो पागलपन की हद तक अपनी प्रेमिका को प्यार करता है और इसके लिए किसी भी रास्ते पर चलने को तैयार है। याद दिला दें कि यह फिल्म तेलुगू की हिट फिल्म अर्जुन रेड्डी की रीमेक थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर खूब तहलका मचाया। हालांकि, इस फिल्म का बोल्ड अंदाज़ कइयों को नहीं पसंद आया। जहां कुछ फैन्स शाहिद की दीवानगी के दीवाने हो गई, वहीं कुछ को यह पागलपन रास नहीं आया।

साउथ की फिल्म अर्जुन रेड्डी के रीमेक कबीर सिंह के बाद शाहिद कपूर एक साउथ रीमेक जर्सी की शूटिंग में भी व्यस्त चल रहे हैं। अपनी इस अगली फिल्म के लिए काफी कड़ी ट्रेनिंग ले रहे हैं शाहिद और मुंबई के ट्रेनिंग पिच से उनकी कई तस्वीरें सामने आ चुकी हैं। मोहाली के स्टेडियम में इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान उनके होंठ पर चोट लगने की भी खबरें आई थीं, जिसके बाद उन्हें कुछ दिनों की छुट्टी लेनी पड़ी थी। खबर है कि शाहिद को फिल्म के लिए करीब 35 करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं। फिल्म से जुड़े एक ट्रेड एक्सपर्ट ने बताया कि शाहिद प्रॉफिट शेयर में भी 30 पर्सेंट लेंगे।